हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर 2025

11 कविता प्रतियोगिता में कीर्ति व भाषण में इंदू प्रथम



12 सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाया 78 हजार जुर्माना



## खबर संक्षेप

### रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**बहादुरगढ़।** महाराजा अग्रसेन समूह व रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन सतनारायण गुप्ता अस्पताल में शनिवार 13 सितंबर को विशाल रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन होगा। अस्पताल के कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि कैंप सुबह 9 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक चलेगा।

### स्मैक सहित युवक गिरफ्तार, रिमांड पर

**बहादुरगढ़।** सीआईए वन बहादुरगढ़ की टीम ने एक व्यक्ति को मादक पदार्थ स्मैक के साथ काबू किया है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हंसराज निवासी वसंत विहार को पकड़ने के बाद नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी के समक्ष तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 11 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई। उसे अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** ड्यूटी पर जाते समय एक युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ताउडू के मूल निवासी जतीन वर्तमान में गांव पेलपा में किराए पर रहता है और फरुखनगर में नौकरी करता है। वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रहा था। करीब सवा 8 बजे गांव सोंधी से निकलकर ड्रेन के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। घायल जतीन सड़क पर गिर गया और पिकअप चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल को झज्जर के सरकारी अस्पताल भिजवाया गया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

### मलेशिया भेजने का झांसा देकर 1.70 लाख ठगे

**बहादुरगढ़।** एक व्यक्ति से मलेशिया भेजने का झांसा देकर एक लाख 70 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। गांव भापड़ोदा निवासी शिकायतकर्ता राधेश्याम ने बताया कि कैथल निवासी अरविंद सैनी ने अपने साथी श्याम के साथ मिलकर मलेशिया भेजने का झांसा दिया। दोनों ने फर्जी वीजा बनवाकर उससे 1 लाख 70 हजार रुपए की ठगी की। पीड़ित राधेश्याम का कहना है कि उसने आरोपियों को 80 हजार रुपए नकद और यमन के 40 हजार रुपए और 50 हजार रुपए दिए। आरोपियों ने उन्हें फर्जी वीजा बनाकर सौंप दिया। उन्होंने हवाई जहाज की टिकट भी बनवा ली। बाद में जब उसने जांच करवाई तो वीजा नकली निकला। शिकायत पर पुलि ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किनारों से सटकर चल रही मुंगेशपुर ड्रेन, प्रशासन और नागरिक चौकन्ने

### एसडीएम ने राजस्व विभाग की बैठक लेकर नुकसान की सही तस्दीक करने के दिए निर्देश

*ओवरफ्लो मोड पर ड्रेन : पिछले क्षेत्रों के लोग अपने इलाकों में भरे पानी को मोटरों के माध्यम से ड्रेन में डाल रहे हैं, इस कारण बारिश रुकने के बावजूद ड्रेन का लेवल नहीं हो रहा कम।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर में जलभराव का कारण बनी मुंगेशपुर ड्रेन अब भी ओवरफ्लो मोड में चल रही है। दरअसल, पीछे से लोग अपने इलाकों में भरे पानी को मोटरों के माध्यम से ड्रेन में डाल रहे हैं, इस कारण बारिश रुकने के बावजूद ड्रेन का लेवल कम नहीं हो रहा। ऐसे में प्रशासन के साथ ही स्थानीय नागरिक भी लगातार ड्रेन के लेवल पर नजर बनाए हुए हैं। इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

एसडीएम नसीब कुमार ने दावा किया कि शहर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर कम होता जा रहा है। उनके अनुसार मुंगेशपुर ड्रेन के किनारों व तटबंधों को संयुक्त टीमों द्वारा मजबूत किया जा रहा है। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के ठहरने और देखभाल के लिए बहादुरगढ़ में 15 राहत शिविर सक्रिय किए गए हैं। एसडीएम के अनुसार शहर के प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।



बहादुरगढ़। महिला थाना के सामने किनारों से सटकर चल रही मुंगेशपुर ड्रेन।



बहादुरगढ़। क्रॉसिंग पुल के लेंटर को छूकर गुजरता मुंगेशपुर ड्रेन का पानी।

### स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे, राजस्व विभाग भी कार्रवाई में जुटा

नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। जनस्वास्थ विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज नुकसान की राजस्व विभाग द्वारा तस्दीक की जा रही है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेते हुए कहा कि गिरदावरी तस्दीक रिपोर्ट सही होनी चाहिए, ताकि सभी प्रभावित किसानों को सरकार द्वारा उचित राहत दी जा सके।

#### सरपंच प्रतिनिधि ने की व्यवस्था

मुंगेशपुर ड्रेन ओवरफ्लो होने के कारण शहर के निजामपुर रोड पर स्थित नेताजी नगर की गलियों में भी पानी भरने लगा। गांव परनाला के सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर जलनिकासी व्यवस्था में जुट गए। उन्होंने कहा कि निकासी में पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन भी दिया

# सोलधा के निकट बस व डंपर में टक्कर, बस चालक सहित दस यात्री घायल

प्राइवेट कंपनी की बस बहादुरगढ़ से बादली की तरफ जा रही थी



**बहादुरगढ़।** शुक्रवार सुबह गांव सोलधा में एक बस सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। हादसे में बस चालक समेत 10 सवारियां भी घायल हो गई। उन्हें उपचार के लिए बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह एक प्राइवेट कंपनी की बस बहादुरगढ़ से बादली की तरफ जा रही थी। जबकि गुरुग्राम से बादली के रास्ते एक डंपर बहादुरगढ़ की तरफ आ रहा था। करीब पौने 8 बजे गांव सोलधा के निकट दोनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप की निकट हुए हादसे में राव ट्रेवल्स की बस के ड्राइवर सोमबीर निवासी महम को पैर पर चोट लगी है। जबकि बस में बैठे अजय, दीपक, अनुज, साहिल, मंजीत, वीरेंद्र, राकेश, संदीप, साहिल व संजय आदि को भी चोट लगी। सभी घायलों को इलाज के लिए बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रेफर किया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# रुपयों की देनदारी के दबाव में व्यक्ति ने फंदा लगाया

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मारौत में रुपयों की देनदारी से परेशान एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को सुबह उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान गांव के रहने वाले करीब 63 वर्षीय श्यामलाल के तौर पर हुई है। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिनमें चार लोगों को जिम्मेवार ठहराया गया है। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मृतक बढ़ई का कार्य करता था। वीरवार की रात उसने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर उन्होंने परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

#### सुसाइड नोट में महिला सहित चार पर आरोप

मामले में एफएसएल टीम ने भी मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मृतक के शव से मिले सुसाइड नोट के आधार पर उसे एक महिला सहित चार लोगों द्वारा परेशान किया जा रहा था। एक व्यक्ति जहां गांव से ही संबंध रखता है वहीं महिला व दो अन्य बहादुरगढ़ से संबंधित है। मृतक के पुत्र नवीन कुमार की शिकायत पर महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# अंडरपास में जलभराव : लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हुए वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर में तीन अंडरपास बने हैं। पिछले दिनों आई तेज बरसात के चलते तीनों अंडरपास में पानी भरा है। जिस कारण राहगीरों को परेशानी आ रही है। कच्चा बाबरा रोड पर बने अंडर पास में सबसे अधिक जलभराव है। यहां जलभराव इतना है कि एक बस भी पानी में समां सकती है। इस कारण ग्रामीणों का इस मार्ग से आवागमन बंद हो गया है। अब ग्रामीणों को कोसली रोड स्थित डावला गांव से होकर शहर आना पड़ता है जिस कारण उन्हें समय के साथ-साथ आर्थिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है। दूसरा अंडर पास तलाव रोड पर बना है। इस अंडरपास में हुए जलभराव के कारण दुपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना है। हालांकि अंडरपास के ऊपर बनाई शेड के चलते पानी कम है जिस कारण बड़े वाहन सहजता से निकल जाते हैं लेकिन साइकिल, स्कूटी या मोटरसाइकिल चालकों को परेशानी आती है। ऐसे में उन्हें गांव जाने के लिए करीब तीन किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इसके अलावा कोसली फ्लाईओवर के नीचे भी ग्रामीणों की सुविधा के लिए अंडरपास बनाया है। इस अंडरपास में भी पानी ने दलदल का रूप ले लिया। यहां भी बड़े वाहन चालक तो आवाजाही के लिए अंडरपास का उपयोग करते हैं लेकिन दुपहिया वाहन चालक चोटिल होने के भय से फ्लाईओवर से होकर ही निकलने में अपनी भलाई समझते हैं।



झज्जर। कच्चा बाबरा रोड के अंडरपास में जमा पानी।



झज्जर। कोसली रोड के अंडर पास में जलभराव

# 5 लाख की साइबर ठगी के आरोप में दो गिरफ्तार

### आरोपी राजस्थान के रहने वाले

**झज्जर।** साइबर क्राइम की एक टीम द्वारा लाखों रुपए की साइबर ठगी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सोमबीर ने बताया कि डाबौदा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अंकित की पुलिस टीम ने विकास निवासी बालोटी राजस्थान और सत्यनारायण निवासी चकेरी राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।



आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि विकास ने अपना बैंक खाते का एटीएम कार्ड व सिम कमीशन के चक्कर में ठगी के पैसों को इधर-उधर करने के लिए अपने दोस्त सत्यनारायण को दे रखा था। सत्यनारायण ने इस खाते को आगे किसी और को बेच रखा है। जिसकी अभी जांच जारी है जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# बेरी में युवक ने बुजुर्ग मां का गला रेता, शव के पास नोट छोड़कर फरार, भाई की शिकायत पर केस दर्ज

■ दो दिन से दिखाई नहीं दे रही थी महिला ■ पड़ोसियों ने घर जाकर देखा तो खून से लथपथ शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के कस्बा बेरी के हिंदयाण पाना में तेजधार हथियार से गला रेत कर एक युवक ने अपनी मां की हत्या कर दी। हत्या के बाद युवक मौके से फरार हो गया। घर पर दोनों मां-बेटे ही रहते थे। जब बुजुर्ग महिला दो दिनों तक किसी को दिखाई नहीं दी तो ग्रामीणों ने घर पहुंच कर देखा। महिला का शव लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतका की पहचान करीब 63 वर्षीय कृष्णा देवी के तौर पर हुई है। मृतका के दूसरे पुत्र धर्मपाल ने पुलिस को शिकायत में अपने भाई कर्मबीर को मां की हत्या का जिम्मेवार ठहराया है।मामले के जांच अधिकारी सतबीर ने बताया कि धर्मपाल सीआरपीएफ में तैनात है। सूचना मिलने के बाद देर शाम घर लौटा है। ऐसे में शनिवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

■ पड़ोसियों ने सूचना पर सीआरपीएफ में तैनात महिला का बड़ा बेटा घर पहुंचा





झज्जर। वारदात की जांच करने पहुंची पुलिस टीम। (इनसेट में) महिला का फाइल फोटो

### तेजधार हथियार से की हत्या, आरोपी का फोन बंद

पुलिस को दी शिकायत में सीआरपीएफ में तैनात मृतका के दूसरे बेटे धर्मपाल ने बताया कि मां से बात करने के लिए जब उसने शुक्रवार को अपने भाई कर्मबीर के पास फोन लगाया तो वह बंद आ रहा था। जिस कारण उसने परिवार में दादा लगने वाले जगबीर सिंह को फोन कर घर पर बात कराने का आग्रह किया। जगबीर जब घर पहुंचा तो पता चला कि उसकी मां का शव कमरे के फर्श पर पड़ा है। धर्मपाल के अनुसार जब उसने घर पहुंच कर परिवार वालों से पूछताछ की तो पता चला कि उसके छोटे भाई कर्मबीर ने ही किसी तेजधार हथियार से मां को मौत के घाट उतारा है। कर्मबीर ने एक नोट लिख शव के पास भी छोड़ा था जिसके बाद वह घर से फरार हो गया।

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in
महंत बालकनाथ योगी, Chancellor, BMU
Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria: Marks 85% Above — Scholarship Upto 50%
Scholarship: Sibling, Single Girl Child, Physical Handicapped — Discount Upto 25% OFF
Admissions Open 2025-26
Programmes Offered by the University for Session 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| FACULTY OF AYURVEDA | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| FACULTY OF NURSING | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| FACULTY OF PHYSIOTHERAPY | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT | 31,000/- |
| Bachelor of Optometry | 31,000/- |
| FACULTY OF SCIENCES | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| FACULTY OF LEGAL STUDIES | |
| B.A.L.L.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION | |
| B.A. • B.A. (Hons.) English • B.A. Journ. & Mass Comm. • B.Lib. & Info. Sci • M.Lib. & Info. Sciences • M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.
B.Ed. ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.) *Affiliated with MDU,Rohtak
New Programmes
VLDD (Diploma in Veterinary) | B.Sc. Nursing | B.Sc. (Hon.) (Agriculture)
Application Fee - 1000 || Admission Fee UG-7500, PG-12500 || Exam Fee- UG-2500, PG-3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply


रेगिस्तान में चलने वाले ऊंट की 3 पलकें होती हैं।


कबूतर के पंखों का वजन उनकी हड्डियों से अधिक होता है।

# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ़ॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# 'परफ्यूजन टेक्नोलॉजी' से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

> **हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर**

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाखिला



## कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (**Entrance Test**) के आधार पर ही दाखिला होता है।

## यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।

## प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

## निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।



## यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

## इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

---

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों? :** भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका:** जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं:** बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे #**PunjabFloods**2025, #**StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं:** लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें:** दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ?हम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, "विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।" आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें :** लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता:** आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

1. निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

2. अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

3. हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

4. वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

5. हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

6. निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

7. भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

8. दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

9. हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

10. संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

खबर संक्षेप

## नागरिकों की मदद के लिए पीएलवी ले रहे जायजा

**बहादुरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में सीजेएम विशाल द्वारा बहादुरगढ़ में जलभराव प्रभावित इलाके का दौरा करने के लिए पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वालंटियर की ड्यूटी लगाई है। शुक्रवार को पैरा लीगल वालंटियर्स ने जलभराव से प्रभावित गलियों का जायजा लिया। पीएलवी द्वारा जलभराव से प्रभावित नागरिकों को खाद्य सामग्री के साथ मेडिकल किट वितरित की गई। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता हरजीत गुलिया, कर्मजीत छिल्लर और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से संदीप जांगड़ा मौजूद रहे।

## बढ़ते तनाव को लेकर हुआ विस्तार व्याख्यान

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को नवयुवकों में हो रहे तनाव को लेकर परीक्षण और विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि युवा फिजिकल एक्टिविटी की बजाय मोबाइल में अपना ज्यादा समय व्यतीत कर रहे हैं। जिससे उनके शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ता है। हमें सकारात्मक सोच रखनी होगी और मेहनत करनी होगी। रिसर्च कमेटी प्रभारी डॉ कुसुम ने कहा कि हमें दैनिक दिनचर्या में मेडिटेशन, समाचार पत्र पढ़ना तथा टाइम मैनेजमेंट को जोड़ना होगा। मनोविज्ञान विभाग प्रवक्ता नितेश कौशिक ने बताया आजकल तनाव अवसाद का रूप धारण कर रहा है।



## शिविर में की 105 छात्रों के दांत जांचे

**झज्जर।** ओरल हेल्थ पखवाड़े के अंतर्गत क्षेत्र के गांव गिजाडौध में विद्यार्थियों की दंत जांच की गई। गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित दंत जांच शिविर में डेंटल सर्जन डॉक्टर सरिता वोहरा ने 105 विद्यार्थियों की जांच की। उन्होंने विद्यार्थियों को मुंह में होने वाली बीमारियों के कारण, बचाव और उपचार की जानकारी भी दी।



**बहादुरगढ़।** नशा नहीं करने की शपथ लेते छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को शहर के रेलवे रोड स्थित एक कोचिंग सेंटर में नशा मुक्ति पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में सत्येंद्र दहिया ने छात्र-छात्राओं को समाज में बढ़ती नशा प्रवृत्ति व इसके दुष्प्रभावों के बारे में अपने विचार व्यक्त कर उन्हें जागरूक किया। सड़क सुरक्षा सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि लगातार बढ़ रहा नशे का दुष्प्रभाव युवाओं को अपनी गिरफ्त में जकड़ रहा है। उन्होंने नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर जगबीर सिंह, शिक्षाविद अनिता, बिजेंद्र, सतीश तिवारी, विवेक, सुखबीर सिंह व संजय आदि उपस्थित रहे।



## मनचलों पर सख्त कार्रवाई करेगी पुलिस

**बहादुरगढ़।** झज्जर पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों के निकट मंडरा रहे मनचलों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर के आदेशों की पालना करते हुए ऐसे स्थानों पर सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी तैनात किए जा रहे हैं। बहादुरगढ़ महिला थाना प्रभारी एसआई नीलम ने बताया कि शुक्रवार को भी अनेक स्थानों पर जाकर लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई।

कॉलोनियों और वार्डों तथा बादली ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन की जा रही है सफाई

# शहर को स्वच्छ बनाने में जुटे सफाई कर्मचारी

### नोडल अधिकारी टीम के साथ प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में सफाई करवाना सुनिश्चित कर रहे



**झज्जर।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत जिला में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि नगर परिषद झज्जर व बहादुरगढ़ तथा नगर पालिका बेरी द्वारा बाजारों, कॉलोनियों और वार्डों तथा बादली ग्रामीण क्षेत्र में सफाई प्रतिदिन की जा रही है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रह और कचरा प्लांट में निस्तारण की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गलियों व कॉलोनियों में जहां भी गंदगी देखने को मिलती है, वहीं पर नियुक्त वार्ड के नोडल अधिकारी टीम के साथ प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में सफाई करवाना सुनिश्चित कर रहे हैं। शहर को साफ व सुंदर बनाया जा सके, यही इस अभियान का मकसद है।

■ शहर को साफ व सुंदर बनाना अभियान का मकसद

## अपने आसपास सफाई रखना सबकी जिम्मेदारीः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। ऐसे में प्रत्येक ग्रामीण का यह नैतिक दायित्व बनता है कि वे गांवों को स्वच्छता के मामले में अग्रणी बनाएं। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लघु सचिवालय सभागार में आयोजित अधिकारियों की बैठक में जिलेभर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अपने गांव व मौहल्ले को साफ व स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिला के सभी सात खंडों में 250 ग्राम पंचायतें हैं। जिनमें सभी को ओडीएफ घोषित किया गया है। इसकी निरंतरता रखते हुए 235 गांवों को खंड स्तर पर ओडीएफ प्लस बनाया जा चुका है।




**झज्जर।** बैठक में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।



**झज्जर।** स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण करतीं सीएमओ डॉक्टर जयमाला।

## जिला कारागार में कैदियों व बंदियों की सेहत जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला कारागार दुलीना में वीरवार को कैदियों व बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। यदि समय-समय पर जांच कराई जाए और छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज न किया जाए तो जीवन को संतुलित और खुशहाल बनाया जा सकता है। शिविर में कैदियों व बंदियों की दंत, नेत्र, नाक, कान, गला, हड्डी रोग, टीबी और एचआईवी जांच के साथ-साथ मनोचिकित्सा परामर्श एवं काउंसलिंग भी की गई। शिविर के दौरान मनोचिकित्सक डॉक्टर दिनेश रोहिल्ला, जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा, आईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर चंद्रशेखर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवेश, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर तनवी, डॉक्टर प्रवीण, डॉक्टर गौतम आदि मौजूद रहे।

■ स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन इसलिए नियमित जांच करवाएं : डॉक्टर जयमाला

## सीनियर पैनल में शामिल युवा एडवोकेट लक्ष्य कौशिक



**बहादुरगढ़।** नूना माजरा के युवा एडवोकेट लक्ष्य कौशिक को यूनियन ऑफ इंडिया के सीनियर पैनल काउंसिल का सदस्य बनाया गया है। पूर्व सरपंच वीरेंद्र कौशिक के पुत्र लक्ष्य कौशिक दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। भारत सरकार के कानूनी विभाग द्वारा नियुक्त अधिवक्ताओं के समूह में उन्हें शामिल किया जाना बड़ी उपलब्धि है। वे अब विभिन्न अदालतों में भारत सरकार के मामलों की पैरवी करेंगे। उनकी नियुक्ति पर कई सामाजिक संस्थाओं ने लक्ष्य कौशिक को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## युवा संसद में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा




**झज्जर।** युवा संसद कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुंबाहेड़ी में शुक्रवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बारहवीं की छात्रा तन्नू ने लोक सभा अध्यक्ष, नेहा ने प्रधानमंत्री, कोमल ने गृहमंत्री, अंजलि ने नेता विपक्ष की भूमिका निभाई।

युवा संसद में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के करीब पचास विद्यार्थियों ने भाग लिया। इतिहास प्रवक्ता मुकेश कुमार, मैनपाल दहिया, सत्यवान, संजय कुमार की देखरेख में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर प्राचार्य संजीव खत्री, डाइट माछरौली से डॉक्टर राजीव देशवाल, सुरेंद्र, डॉक्टर संदीप सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## आदित्य देवीलाल ने दिया जयंती समारोह में पहुंचने का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रोहतक में मनाए जा रहे भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय देवीलाल के जयंती समारोह का निमंत्रण देने के लिए आदित्य देवीलाल ने क्षेत्र के गांव महाराणा, मदाना, शेरिया पहुंच कर लोगों को रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पलवान, कार्यालय सचिव पवन धनखड़, बेरी हलकाध्यक्ष बलराज, युवा जिला अध्यक्ष अमरजीत, युवा हलका अध्यक्ष सोनू मदाना व पवन ने कहा कि किसानों के मसीहा ताऊ देवीलाल के आदर्श आज भी समाज को एकजुट करने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे ताऊ देवीलाल के दिखाए मार्ग पर चलते हुए संगठन को मजबूत करेंगे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आदित्य देवीलाल। फोटो : हरिभूमि

## आत्महत्या विश्वभर में असमय मृत्यु के सबसे बड़े कारणों में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्य दलबीर सिंह के नेतृत्व में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के उपलक्ष्य में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सिविल हॉस्पिटल के मनोचिकित्सक डॉ. राजन ने आत्महत्या से बचाव के तरीकों और उपायों के विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आत्महत्या विश्व भर में असमय मृत्यु के सबसे बड़े कारणों में है। आमजन को जागरुक कर इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। डिप्रेशन एवं अन्य मानसिक रोग आत्महत्याओं का सबसे बड़ा तात्कालिक कारण बनता है। उन्होंने भारत सरकार की पहल टेली मानस हेल्पलाइन का नंबर भी बताया। इस दिशा में हो रहे आधुनिक वैज्ञानिक शोध से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी प्रश्न पूछे और विचार विमर्श किया।

## नशे के विरुद्ध किया जागरुक

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने शुक्रवार को नशा मुक्त अभियान के तहत आमजन से सहयोग के लिए अपील की। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने नशे की रोकथाम के लिए श्रमिकों व कर्मचारियों को जागरुक किया। उन्हें नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुसार नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों की डॉक्टरों के माध्यम से काउंसलिंग की जाती है। नशा मुक्ति केंद्र की मदद से उनकी लत छुड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे से संबंधित सूचना देने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन सेवा 90508-91508 पर निःशुल्क कॉल कर सकते है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।



**बहादुरगढ़।** कर्मचारियों को जागरुक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## मुआवजा बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन




**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जलभराव से प्रभावित किसानों तथा अन्य पीड़ितों को नाममात्र मुआवजा देने के खिलाफ शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए बीडीपीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा भारी बारिश व बाढ़ से प्रभावित किसानों और अन्य लोगों के लिए घोषित सहायता राशि बेहद कम है। इस प्रदर्शन में रामकिशन, सतबीर सिंह, लालजी, बलबीर सिंह, राजू, देवेंद्र, ओमप्रकाश, बल्ले, इंद्र, धर्मपाल, कृष्ण कुमार, जिले सिंह, सतीश व सतपाल आदि शामिल हुए।

## छारा कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन



**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में शिक्षक-अभिभावक मीटिंग का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों से भेंट कर उनकी शैक्षणिक प्रगति व सर्वांगीण विकास पर चर्चा की। पीटीएम कमेटी के इंचार्ज डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार व मंजू मलिक द्वारा यह मीटिंग आयोजित की गई। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की। डॉ संजय देसवाल, देवेंद्र, मोनिका, गीतांजलि, ज्योति, डॉ ललिता, रेखा, डॉ गोविंद, श्वेता व विजय आदि ने बैठक में भाग लिया।

**सूचना**

मैं, सुंदर सिंह पुत्र श्री धूप सिंह निवासी गांव आसण्डा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरी पुत्री मुस्कान मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तेजपाल, यशपाल पुत्र धन सिंह, सुनीता, अजय, सोनिया सैनी W/o, S/o, D/o स्व. श्री देवेंद्र निवासी जटवाड़ा मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BBYB120 वार्ड नंबर 16/459 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज से 300 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No.0187076751 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नंबर 3BBYB120 वार्ड नंबर 16/459 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3BBYB120/300 वर्ग गज प्रार्थी श्री तेजपाल, यशपाल पुत्र धन सिंह, सुनीता, अजय, सोनिया सैनी W/o, S/o, D/o स्व. श्री देवेंद्र के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कमलेश देवी (पत्नी), पवन कुमार (पुत्र), नीरज (पुत्र), दिलबाग (पुत्र), सूरज (पुत्र), सुमन (पुत्री), शीतल (पुत्री) W/o, S/o, D/o श्री भगवान पुत्र रोहतास निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BG78W07 वार्ड नंबर 25 कॉलोनी मेन बाजार जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 36.6 से 36.6 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0186104858 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नंबर 3BG78W07 वार्ड नंबर 25 कॉलोनी मेन बाजार पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3BG78W07 वर्ग गज प्रार्थी कमलेश देवी (पत्नी), पवन कुमार (पुत्र), नीरज (पुत्र), दिलबाग (पुत्र), सूरज (पुत्र), सुमन (पुत्री), शीतल (पुत्री) W/o, S/o, D/o श्री भगवान के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़।

कार्यक्रम | चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया

# कविता प्रतियोगिता में कीर्ति और भाषण स्पर्धा में इंदू ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विस्तार व्याख्यान के साथ भाषण-कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने की। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संयुक्त डीन प्रोफेसर अंजन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका विषय पर अपने विचार विद्यार्थियों के सामने रखे। उन्होंने बताया कि मातृभाषा हिंदी केवल मात्र भाषा नहीं है, वह आपकी मां की भाषा है। कोई भी भाषा हीन नहीं होती। राष्ट्र निर्माण में हिंदी की अहम भूमिका रही है। मंच संचालन स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध हिंदी की छात्रा योगिता ने किया। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ पूनम रानी व नीरज कुमार ने किया। इस अवसर पर भाषण व कविता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कविता प्रतियोगिता में छात्रा कीर्ति ने प्रथम स्थान, योगिता ने द्वितीय स्थान व मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा इंदू ने प्रथम व छात्रा वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में डॉ पूनम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। निणार्यक मंडल में डॉ रमेश कुमार, डॉ नवीन कुमारी व संदीप ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ पूनम चौधरी, निशा मलिक, डॉ समता, डॉ आरती, डॉ आशा, डॉ बेबी व सुभाष चंद्र आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




## आरईडी विद्यालय में विद्यार्थियों को दी हिंदी भाषा के महत्व की जानकारी

**झज्जर।** आरईडी विद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्या अनीता सिवाच हिंदी भाषा के महत्व की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को हिंदी दिवस मनाए जाने के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। तभी से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है, ताकि हम अपनी मातृभाषा के महत्व को समझ सकें। शिक्षिका उर्मिला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा पर आधारित प्रेरणादायक शब्द और नारे भी प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप

### चौधरी छोटूराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

**झज्जर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस इकाई संगठनों द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। युवा कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष रामअवतार उर्फ दीपक गहलावत ने बताया कि दीनबंधु चौधरी छोटूराम किसान धर्मशाला में लगने वाले इस रक्तदान शिविर में सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर ढाई बजे तक एम्स संस्थान बाढ़सा की चिकित्सकीय टीम सेवाएं देंगी।

### बजरंग पूनिया के बड़े भाई ने दी पिता को मुखाग्नि

**झज्जर।** शुक्रवार को ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया के पिता बलवान सिंह पूनिया पंचतत्व में विलीन हो गए। बलवान सिंह पुनिया का उनके पैतृक गांव खुड्डन में अंतिम संस्कार किया गया। बजरंग पूनिया के बड़े भाई हरेंद्र पूनिया ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में ग्रामीणों, परिजनों, खिलाड़ियों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लेते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी और शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया।

### वैदिक गणित की सरल विधियां समझाई

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बादली में वैदिक गणित एवं इसके अनुप्रयोग विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास पॉपली ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वैदिक गणित की सरल विधियों और उनके प्रयोग से कठिन गणनाओं को सहज एवं त्वरित बनाने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके अनुसार वैदिक गणित विद्यार्थियों की तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करता है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मेजर आनंद कादयान, उप-प्राचार्य डॉ. पूनम, डॉ. मनजीत सिंह, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. समता तथा विकास आदि उपस्थित रहे।

### हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नप ने बाजारों में की संयुक्त कार्रवाई

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाया 78 हजार रुपये का जुर्माना

दुकानदारों और थोक विक्रेताओं को पहले भी सख्त हिदायत दी गई थी कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन के बावजूद भी बाजारों में इसका उपयोग जारी है। इसका संज्ञान लेते हुए हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर परिषद बहादुरगढ़ की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई थोक विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट के चालान काटे। संयुक्त टीम ने अलग-अलग जगहों से कुल 68 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की और 78 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।



**बहादुरगढ़।** चालान काटकर दुकानदार को थमाते एमई जोगेंद्र सिंधु। फोटो : हरिभूमि

शहर के बाजारों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लाइस्टिक के आइटम्स का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। शुक्रवार को नगर परिषद के एमई जोगेंद्र सिंधु के नेतृत्व में एचएसपीसीबी और नप की टीम ने शहर के बाजारों में अभियान चलाया। इस दौरान मेन बाजार की शंकर मार्केट में संदीप कुमार दुकान से 38 किलो प्लास्टिक बरामद हुआ और 25 हजार जुर्माना लगाया गया। सब्जी मंडी में अशोक कुमार की दुकान से 10 किलो प्लास्टिक बरामद हुआ और 25 हजार जुर्माना लगाया गया।

परशुराम मार्ग पर धामड़िया की दुकान से 19 किलो प्लास्टिक बरामद हुई और 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। गांधी मार्केट में शिव नारायण की दुकान से 900 ग्राम प्लास्टिक बरामद हुआ और 3 हजार रुपये जुर्माना लगाया। एचएसपीसीबी के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। दुकानदारों और थोक विक्रेताओं को पहले भी सख्त हिदायत दी गई थी कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**बहादुरगढ़।** पोडियम पर अन्य खिलाड़ियों के साथ खड़ी लावण्या। फोटो : हरिभूमि

### लावण्या ने योगासन में जीता कांस्य पदक

**बहादुरगढ़।** बाल भारती स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा लावण्या ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई नेशनल गेम्स योगासन प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह प्रतियोगिता 8 से 12 सितम्बर तक यूपी के सहारनपुर में आयोजित हुई। लावण्या ने अंडर-19 आयु वर्ग के व्यक्तिगत पारंपरिक इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलब्धि अपने नाम की। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार, शिक्षकों और परिजनों ने गर्व व्यक्त करते हुए खुशी मनाई। लावण्या की सफलता ने अपने माता-पिता और विद्यालय के साथ बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया।



**बहादुरगढ़।** प्रिंसिपल विजय खत्री को सहयोग भेंट करती रीना राठी। फोटो : हरिभूमि

### जन्मदिन पर टीचर ने स्कूल को दिया कंप्यूटर

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यापिका रीना राठी ने अपने जन्मदिन के मौके पर छात्राओं को भोजन करवाया और लड्डू बांटे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गांव आसंडा के पूर्व सरपंच समुंद्र राठी की पत्नी रीना राठी ने विद्यालय के लिए एक कम्प्यूटर भेंट किया। साथ ही स्कूल निर्माण कार्य में सहयोग के लिए 11 हजार रुपए का दान भी दिया। कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यालय परिवार ने रीना राठी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रधानाचार्य विजय खत्री ने विद्यालय प्रबंधक समिति की सदस्य रीना राठी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का योगदान बच्चों की शिक्षा और विद्यालय के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

## खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोच्छी में शुक्रवार को खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट -2025 का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना बहुत जरूरी होता है। हरियाणवी संस्कृति और सभ्यता पूरे विश्व मे अपनी अलग पहचान रखती है। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका बबीता और मोनिका द्वारा बनाया गया सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में हिस्सा लेगी तथा सम्मान राशि विद्यार्थियों के सीधा बैंक खातों में डाल दी जाएगी। पांचवीं से आठवीं कक्षा तक के परीक्षा परिणामों में रागनी स्पर्धा में बेरी पीएमश्री स्कूल की स्वाति ने पहला, गौच्छी स्कूल की नीतू ने दूसरा, डीघल की तनीषा ने तीसरा जब डीघल के ही राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के सौरव को सांत्वना पुरस्कार मिला। लघु नाटिका में बिसान के राजकीय विद्यालय को पहला, डीघल के कन्या विद्यालय को दूसरा, गौच्छी के कन्या उच्च विद्यालय को तीसरा तथा डीघल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार मिला। फॉक डांस सोलो में बेरी के पीएमश्री विद्यालय को प्रथम, बरहाणा के कन्या स्कूल को द्वितीय, डीघल के कन्या स्कूल को तृतीय तथा जहाजगढ़ के कन्या स्कूल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। फॉक डांस ग्रुप डीघल का कन्या स्कूल पहले, बेरी का कन्या स्कूल दूसरे, गौच्छी का राजकीय स्कूल तीसरे स्थान पर रहा जबकि राजकीय मिडिल स्कूल वजीरपुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के मुकाबलों में गौच्छी स्कूल की आरुषि ने पहला, बेरी कन्या स्कूल की शीतल ने दूसरा, बेरी राजकीय स्कूल के हर्ष ने तीसरा स्थान पुरस्कार जीता जबकि जहाजगढ़ स्कूल के दीपांशु को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी प्रकार लघु नाटिका में जहाजगढ़ पहले, बेरी दूसरे, डीघल तीसरे तथा बसाहन के राजकीय स्कूल की टीम को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

## इंटर हाउस प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में शुक्रवार को नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच इंटर हाउस प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिताओं में सामान्य ज्ञान पर आधारित जीके क्विज और भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। जीके क्विज में प्रत्येक हाउस से चार विद्यार्थियों की एक टीम बनाई गई।

टीम सदस्यों ने इतिहास, भूगोल, विज्ञान, समसामयिक घटनाओं और कला-संस्कृति से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपने गहन ज्ञान का परिचय दिया। ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा तक के वर्ग में ट्रस्ट हाउस को पहला स्थान मिला जबकि ऑनेस्ट हाउस को दूसरा रिस्पेक्ट हाउस को तीसरा स्थान मिला। नौवीं से दसवीं तक के वर्ग में ऑनेस्ट हाउस पहले, रिस्पेक्टर हाउस दूसरे तथा करेज हाउस तीसरे स्थान पर रहा। भाषण प्रतियोगिता में 11वीं से 12वीं कक्षा तक के वर्ग में करेज हाउस प्रथम, रिस्पेक्ट हाउस द्वितीय व ऑनेस्ट हाउस तृतीय रहा। नौवीं से दसवीं कक्षा तक के वर्ग में रिस्पेक्ट हाउस को पहला, करेज हाउस को दूसरा व ऑनेस्ट हाउस को तीसरा स्थान मिला। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं सिर्फ जीत-हार के लिए नहीं बल्कि विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच देती हैं जहां वे अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर सकते हैं।




**झज्जर।** जीके क्विज में भागीदारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को छोटूराम नगर फाटक पर मरम्मत करते कर्मचारी।

### सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक बंद रहा फाटक

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर का रेलवे फाटक शुक्रवार को मरम्मत कार्य के चलते सुबह 8 बजे से लेकर रात 12 बजे तक बंद रहा। फाटक की मरम्मत एवं रख-रखाव के चलते इस दौरान फाटक से किसी भी प्रकार का वाहन नहीं गुजर पाने से लोगों को परेशानी हुई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बरसात के बाद स्लीपर्स में खराबी आ गई। इस दिक्कत के कारण तकनीकी दिक्कतें आ रही थीं। इसी कारण शुक्रवार को पूरे दिन मरम्मत का काम किया गया। इस समयावधि के दौरान किसी भी प्रकार का आवागमन इस फाटक से संभव नहीं हुआ। इस दौरान शहरवासियों और वाहन चालकों को असुविधा से बचाने के लिए यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की थी। वाहन चालक भी टीकरी से निजामपुर के रास्ते से बने वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करते नजर आए। रेलवे विभाग के अनुसार मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद शुक्रवार रात फाटक को पुनः सामान्य रूप से खोल दिया जाएगा।



**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपते पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा व अन्य।

### गड्ढों से निजात दिलाने के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-6 में जर्जर सड़कों और गहरे गड्ढों की समस्या से रेजिडेंट्स जूझ रहे हैं। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे परेशान सेक्टरवासी अब स्थाई समाधान की मांग कर रहे हैं। पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान जयपाल सांगवान, हरिकिशन दहिया, समुंद्र सिंह खोकर, विष्णुदत्त, ईश्वर सिंह, कप्तान सिंह, राजबीर छिकारा, सूबेदार रामचंदर, चरण सिंह दहिया व समुंद्र सरोहा आदि शुक्रवार को विधायक राजेश जून से मिले। उन्होंने कहा कि गड्ढों को तुरंत भरा जाए और मुख्य सड़क को सीमेंट कंक्रीट से बनाया जाए। विधायक राजेश जून ने लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए ईओ को इस दिशा में कार्रवाई का आदेश दिया। रेजिडेंट्स ने जलनिकासी की समस्या भी उठाई। विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही 2 अतिरिक्त मोटरें लगवाई जाएंगी, जिससे जलभराव से राहत मिलेगी।

## आर्यन मान ने लिया सीएम का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रधान पद का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद आर्यन मान ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर आशीर्वाद लिया। दरअसल, दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव 18 सितंबर को होगा और वोटों की गिनती 19 सितंबर को होगी।

एबीवीपी ने अध्यक्ष पद के लिए बहादुरगढ़ निवासी आर्यन मान और उपाध्यक्ष पद के लिए गोविंद तंवर को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा सचिव पद पर कुणाल चौधरी और सह सचिव पद के लिए दीपिका झा को चुनाव मैदान में उतारा है। एबीवीपी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी आर्यन मान ने सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। सीएम ने उन्हें बधाई देते हुए जीत का आशीर्वाद दिया। आर्यन मान ने बताया कि डीयू में प्रवेश और एबीवीपी से जुड़ने के बाद वे फीस वृद्धि के विरोध में आंदोलन, बुनियादी सुविधाओं के विकास आदि के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। विवि परिसर में होने वाली समस्याओं के खिलाफ विद्यार्थी परिषद एकमात्र संगठन जो हमेशा सबसे आगे खड़ा रहा है। उन्होंने दावा किया एबीवीपी का पूरा पैनल क्लीन स्वीप करते हुए जीत हासिल करेगा और विद्यार्थियों के उत्थान में जुट जाएगा।



**बहादुरगढ़।** सीएम नायब सैनी का आशीर्वाद लेते आर्यन मान।

### जलभराव से निपटने में सरकार गंभीरः जैन

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन के अनुसार बहादुरगढ़ सहित हरियाणा में भारी बरसात के चलते जहां-जहां जलभराव के हालात बने, वहां प्रभावित लोगों को सरकार द्वारा हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तुरंत सभी जिला उपायुक्तों को राहत और बचाव कार्यों के लिए निर्देश दिए हैं। सीएम स्वयं रोजाना राहत कार्यों की जानकारी लेकर हालात पर नजर बनाए हुए हैं। भाजपा सरकार सभी वर्गों के हित के लिए कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा लाभ प्रदेश और देश की जनता को मिल रहा है।





**झज्जर।** बॉक्सिंग खिलाड़ी शगुन को सम्मानित करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### रजत पदक विजेता बॉक्सिंग खिलाड़ी शगुन सम्मानित

**झज्जर।** राज्य स्तरीय विद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता खिलाड़ी शगुन को डीसी रविंद्र पाटिल ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ी शुगन को आगामी होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए अभी से तैयारी के लिए प्रेरित किया। साथ ही कोच हितेश देशवाल को भी शगुन की उपलब्धि के लिए बधाई दी। बता दें कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आठ सितंबर से दस सितंबर तक दादरी में हुआ। जिसमें 0-19 आयु वर्ग में बॉक्सिंग के 80 प्लस भार वर्ग में शगुन ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक प्राप्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

### तृतीय श्री श्याम भजनामृत महोत्सव आज

**बहादुरगढ़।** तृतीय श्री श्याम भजनामृत महोत्सव का भव्य आयोजन शनिवार 13 सितंबर को नाहरा-नाहरी रोड स्थित आरके फार्म पर होगा। प्राचीन श्री श्याम गुणगान मंडल लाइनपार की ओर से आयोजित महोत्सव में सायं 7 बजे से भजन और संकीर्तन शुरू हो जाएगा।

## मूर्तिकला और क्ले मॉडलिंग में विद्यार्थियों ने सीखे हुनर



**झज्जर।** क्ले मॉडलिंग सीखते विद्यार्थी।

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ तथा फाइन आर्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय मूर्तिकला कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मूर्तिकला और क्ले मॉडलिंग पर केंद्रित इस कार्यशाला में प्रसिद्ध कलाकार पुष्कर पॉट्टर ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। महिला प्रकोष्ठ समन्वयक डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक और आधुनिक कलाओं से जोड़ना तथा उन्हें स्व-रोजगार की दिशा में प्रेरित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों से मिट्टी के बर्तन, मूर्तियां और कलात्मक मॉडल तैयार किए। पहले दिन प्रतिभागियों को मिट्टी की समझ, आकार देने की तकनीक, संतुलन, डिजाइन व सजावट से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने मिट्टी की मूर्तियों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वाणिज्य प्राध्यापक दीपक, ललित कला प्रभारी डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर अंजू बाला, रीना, निहारिका सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### डीसी ने एटीआर रिपोर्ट समय पर भेजने के दिए निर्देश

**झज्जर।** समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा में बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि वे शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए हर समस्या का समाधान जिम्मेदारी से करें। उन्होंने एटीआर रिपोर्ट समय पर भेजने के भी निर्देश दिए।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### भाषा और अभिव्यक्ति कौशल निखारने के लिए प्राथमिक स्कूलों में कराई जाएगी रामलीला

# राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में गूंजेंगे जय श्रीराम के नारे

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

विद्यार्थियों में भाषा और अभिव्यक्ति कौशल निखारने के उद्देश्य से निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में निपुण रामलीला कराई जाएगी।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना संयोजक, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला निपुण समन्वयक व स्कूल मुखियाओं को पत्र लिखकर बताया है कि रामलीला के दृश्यों का मंचन आगामी 22 सितंबर से 18 अक्टूबर तक की अवधि में किसी भी कार्यदिवस में कराया जा सकता है। रोल प्ले के महत्व पर जोर देते हुए पत्र में पहली व दूसरी कक्षाओं के विद्यार्थियों को छोटे-छोटे संवाद देने की सलाह भी दी गई है। पिछले तीन वर्षों से चलाई जा रही निपुण रामलीला बच्चों के कौशल विकास में मददगार साबित हो रही है।



**झज्जर।** बीते वर्ष कराई गई निपुण रामलीला के फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

#### अभिभावकों को बुलाकर कराया जाएगा मूल्यांकन

शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार आयोजन में अभिभावकों को बुलाकर बच्चों का मूल्यांकन कराया जाएगा और शिक्षकों द्वारा इस कार्यक्रम की कवरेज के लिए वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर हैशटैग के साथ सांझा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर स्कूल प्रबंधन समिति व मौजिज लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रामायण पर आधारित क्विज का आयोजन भी होगा। पत्र के लिखा है कि कार्यक्रम के अंतर्गत जिला एफएलएन कोर्डिनेटर अपने जिले की बेहतर वीडियो अपने जिले के अधिकारिक सोशल मीडिया चैनल पर डालें तथा इसके अलावा दो सवश्रेष्ठ वीडियो को निदेशालय के अधिकारिक ग्रुप में सांझा करें। इसमे कोई दो राय नहीं कि यह अभिनव पहल बच्चों को मंचीय अनुभव देने के साथ-साथ उन्हें संस्कृति, परंपरा और भाषा कौशल से भी जोड़ने में सहायक होगी।

#### विद्यालयों को भेजी रामायण के पांच छोटे दृश्यों की रूपरेखा

निपुण रामलीला के लिए विभाग ने रामायण के पांच छोटे दृश्यों की रूपरेखा स्कूलों को भेजी है, जिनमें से कोई भी दृश्य चुना जा सकता है। साथ ही शिक्षक चाहें तो बाल छठी कक्षा की रामकथा पुस्तक से या स्वयं भी नया दृश्य तैयार कर सकते हैं। दृश्यों के सफल मंचन के लिए विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास कराने की बात भी कही गई है। मंचन के लिए वेशभूषा और सामग्री स्थानीय स्तर पर माता-पिता व एमएससी के सहयोग से जुटानी होगी। प्रस्तुति में स्पष्ट उच्चारण, धाराप्रवाह बोलने और हिंदी-अंग्रेजी के संतुलित उपयोग पर विशेष ध्यान रहेगा।